3. वेंचर क्लब (विशेषकर ग्रामीण अंचल में) की स्थापना।
4. जन सम्पर्क समिति का गठन कर जन सम्पर्क अधिकारी नियुक्त करना तथा जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी के सहयोग से विभिन्न सामाजिक कार्यों का आयोजन किया जाना।
5. जनजातीय बाहुल्य जनपदों में जनजातीय स्काउट / गाइड दलों का गठन करना।
6. प्रत्येक जनपद में स्वतंत्र दलों का गठन करना।

**नोट– उपरोक्त सभी योजनायें जनपद स्तर पर क्रियान्वयन कराने हेतु सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्का0 / गा0) जिला संस्था से सम्पर्क कर सुनिश्चित करायेंगे तथा दिसम्बर तक प्रगति आख्या से मुख्यालय को अवगत करायेंगे और किसी भी ब्वाय / गर्ल कार्यक्रम–प्रशिक्षण कार्यक्रम की कार्यवाही जनपद स्तर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्का0 / गा0) के अग्रसारण पर ही प्रादेशिक मुख्यालय में भेजी जायेगी।**

## रैली

**जिला / मण्डल रैली प्रतियोगिता के विषय** :– (स्काउट / गाइड के लिये)

1. वर्दी / मार्च पास्ट / कलर पार्टी।
2. कैम्प फायर–पूरे दल द्वारा।
3. शारीरिक प्रदर्शन– 01 टोली द्वारा।
   (मीनार / योग / जूडो–कराटे / लेजिम / डम्बल / मलखम्भ)
4. साहसिक क्रिया कलाप– पूरे दल द्वारा।
5. प्रदर्शनी / स्किल–ओ–रामा (विद्यालय / जनपद)।
6. झाँकी–पूरे दल द्वारा (विद्यालय / जनपद)।
7. स्किल प्रतियोगिता (पेट्रोल पायनियरिंग, कैम्प क्राफ्ट, प्राथमिक चिकित्सा, अनुमान लगाना, सिंग्नलिंग (सीमाफोर या मोर्स या ममोमा विधि से) झण्डियों / डिस्क द्वारा)।
8. कैम्पिंग (कैम्प क्राफ्ट, गैजेट्स आदि)– 01 टोली द्वारा।
9. पायनियरिंग प्रोजेक्ट (पुल / टावर आदि)– 01 टोली द्वारा।
10. रंगोली– 01 टोली द्वारा।
11. एथेनिक फैशन शो– प्रत्येक टीम से एक–एक प्रतिभागी।
12. बैण्ड डिस्पले।

**प्रतियोगिताओं हेतु विस्तृत विवरण :–**

**(1) वर्दी / मार्च पास्ट / कलर पार्टी–पूरे दल द्वारा –**

**(अ) वर्दी** – रैली में समस्त प्रतिभागियों को ए0पी0आर0ओ0 भाग 02 (स्काउट विंग) एवं भाग 03 (गाइड विंग) के द्वारा निर्धारित वर्दी में प्रतिभाग करना होगा।

**मूल्यांकन** –

1. वर्दी ए0पी0आर0ओ0 भाग 02 एवं 03 के अनुसार निर्धारित रंग के अनुसार होनी चाहिए।

2- वर्दी साफ सुथरी और उचित आकार की होनी चाहिए।

3. सदस्यता बैज, विश्व स्काउट / गाइड बैज, शोल्डर बैज, भारत स्काउट और गाइड पॉकेट स्ट्रीप निर्धारित स्थान पर सही तरीके से लगे हुए होने चाहिए।

4- स्कार्फ / वॉगेल, बैल्ट, जूते / मोजे, बैरेट कैप (स्काउट विंग) ए0पी0आर0ओ0 भाग 02 एव 03 के अनुसार होने चाहिए।

**(ब) मार्चपास्ट** – मार्चपास्ट प्रतियोगिता में कम से कम 14 और अधिकतम 26 सदस्य भाग लेंगे। प्लाटून तीन–तीन की पंक्ति में मार्च करेगी। मार्चिंग का क्रम निम्नानुसार होगा –

| **प्रतिभागी** | **स्काउट्स** | | **गाइड्स** | |
|---|---|---|---|---|
| | **न्यूनतम** | **अधिकतम** | **न्यूनतम** | **अधिकतम** |
| प्ले कार्ड होल्डर | 01 | 01 | 01 | 01 |
| लीडर | 01 | 01 | 01 | 01 |
| स्काउट्स / गाइड्स | 12 | 24 | 12 | 24 |
| **कुल** | **14** | **26** | **14** | **26** |

**मूल्यांकन** –

1. सैल्यूट, कमाण्ड, स्मार्टनेस, लीडरशिप, यूनीफार्म एवं सही मार्चिंग के आधार पर मूल्यांकन किया जायेगा।
2. मार्चिंग के उपरोक्तानुसार क्रम के अनुसार ही प्लाटून का क्रम होना चाहिए।
3. यदि उपरोक्तानुसार प्लाटून का क्रम निर्धारण टीम द्वारा नहीं किया जाता है, तो मूल्यांकन प्रभावित होगा।

4- प्लाटून की निर्धारित न्यूनतम और अधिकतम संख्या का कोई प्रभाव मूल्यांकन पर नहीं होगा, अर्थात प्लाटून की संख्या न्यूनतम 14 और अधिकतम 26 हो सकती है।

**(स) कलर पार्टी** – कलर पार्टी 05 सदस्यीय होगी। उन्हें स्काउट / गाइड यूनीफार्म पर सफेद दस्ताने और एंकलेट्स पहनने होंगे। 03 सदस्य आगे की पंक्ति में खड़े होंगे, बाई ओर वाला व्यक्ति भारत स्काउट और गाइड संस्था का ध्वज और दाई ओर वाला व्यक्ति राष्ट्रीय ध्वज धारण करेगा। प्रत्येक ध्वज 07 फिट लम्बे ध्वज पोल पर होगा।

**मूल्यांकन** –

1. सलामी स्थल पर प्रवेश करते समय दाहिने एवं बाए ध्वज धारक द्वारा ध्वज को सही स्थिति में रखना।
2. सलामी स्थल से गुजरते समय ध्वज दल के मानक का अवलोकन करना।
3. ध्वज खोलना और उसे समेटना।
4. कलर पार्टी की मार्चिंग, सही वर्दी, नेतृत्व और चुस्ती–फुर्ती के आधार पर मूल्यांकन किया जायेगा।

**(2) कैम्प फायर** – कैम्प फायर का मूल्यांकन विषय वस्तु, मौलिकता, भूमिका, भाव–भंगिमा, वेशभूषा, मेकअप, प्रस्तुति और प्रयुक्त उपकरण या सामग्री के आधार पर होगा। यूनिट लीडर को प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी। कैम्प फायर में प्रतिभागियों की संख्या **कम से कम 08** अवश्य होनी चाहिए। कैम्प फायर का अधिकतम समय प्रवेश और निकास सहित 04 मिनट का होगा।

**मूल्यांकन** –

1. मूल्यांकन गायन, नृत्य या नाटक की तकनीकी दक्षता, स्वर, भाव और अभिनव क्षमता के आधार पर होगा।
2. मूल्यांकन नवीनता, वेशभूषा, मेकअप के आधार पर होगा।
3. प्रतिभागी कलाकारों के बीच तालमेल और एकरुपता के आधार पर मूल्यांकन होगा।
4. कार्यक्रम निर्धारित समयावधि के आधार पर किया जायेगा।

**(3) शारीरिक प्रदर्शन–पूरे दल द्वारा (मीनार / योग / जूडो–कराटे / लेजम / डम्बल / मलखम्भ)** :–शारीरिक प्रदर्शन के लिए प्रत्येक टीम से कम से कम 08 प्रतिभागियों को प्रतिभाग करना होगा। प्रतियोगिता का समय 03–04 मिनट का होगा। प्रतियोगिता में **कम से कम 08 प्रतिभागी** प्रतिभाग करेंगे।

**मूल्यांकन** –

1- प्रतियोगिता का मूल्यांकन, प्रस्तुति और एकरुपता के आधार पर होगा।
2. मूल्यांकन गतिविधियों के अनुक्रम में शारीरिक संतुलन, लयबद्वता के आधार पर किया जायेगा।
3. मूल्यांकन कौशल और नेतृत्व क्षमता के आधार पर होगा।

**(4) साहसिक क्रिया कलाप** :– साहसिक क्रिया कलाप के अन्तर्गत जिला / मण्डल रैली में जिला संस्था के सहयोग से जिला संगठन आयुक्त / सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट / गाइड) एडवेंचर के बेस तैयार करवायेंगे। तैयार किए गये एडवेंचर बेसों पर जनपद के नियुक्त ट्रेनिंग काउन्सलर्स के सहयोग से जिला संगठन आयुक्त / सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट / गाइड) प्रतियोगिता संचालित करेंगे। प्रत्येक टीम से **कम से कम 16** प्रतिभागियों को साहसिक क्रिया कलाप प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना अनिवार्य होगा।

**(5) प्रदर्शनी / (स्किल–ओ–रामा) (विद्यालय / जनपद)** :– स्किल–ओ–रामा के अन्तर्गत दक्षता बैज, कौशल और हस्तशिल्प, कला, चित्रकला आदि का प्रदर्शन किया जायेगा। किसी भी यूनिट लीडर को प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी। प्रतियोगिता में कम से कम 01 टोली को प्रतिभाग करना अनिवार्य है। प्रतियोगिता हेतु प्रस्तावित गतिविधियां इस प्रकार है– वॉगल बनाना, योग, हैम रेडियो, चटाई बुनाई, रंगोली, फ्रैंडशिप बैंड, चित्रकारी, पेंटिंग, रचनात्मक कला, वेस्ट सामग्री का सर्वोत्तम उपयोग (कागज, कपड़ा आदि) मॉडल बनाना, ऐक्रेलिक पेंटिंग, मिट्टी के बर्तन बनाना, क्ले मॉडलिंग की कटिंग आदि।

**मूल्यांकन** –

1. स्किल–ओ–रामा का मूल्यांकन निम्न तीन बिन्दुओं के आधार पर होगा :–
   **(अ)** कच्चा माल **(ब)** तैयार माल **(स)** तैयार करते हुए
2. हस्त निर्मित वस्तु में काम की बारीकी और उसकी गुणवत्ता के आधार पर मूल्यांकन किया जायेगा।
3. हस्त निर्मित वस्तु को तैयार करने में लगे श्रम (समय और कोशिश) के आधार पर मूल्यांकन किया जायेगा।

**(6) झाँकी (पीजेण्ट–शो) पूरे दल द्वारा (विद्यालय / जनपद)** :– जनपद के गौरवशाली ऐतिहासिक घटनाक्रम, सामुदायिक

विकास गतिविधियां, सामुदायिक विकास परियोजनाएं और जनपद की सांस्कृतिक प्रदर्शनी प्रदर्शित की जायेगी। प्रतियोगिता में **कम से कम 08** प्रतिभागियों को प्रतिभाग करना अनिवार्य है। प्रत्येक टीम को प्रस्तुति के लिए **03 मिनट** का समय दिया जायेगी। झांकी की प्रस्तुति के समय किसी एक सदस्य को पीजेण्ट–शो से सम्बन्धित कमेंट्री करनी होगी।

**मूल्यांकन** –

1. झाँकी का मूल्यांकन विषय की प्रासंगिकता के आधार पर होगा।
2. झाँकी का संदेश ऐतिहासिक, सांस्कृतिक या समसामयिक होना चाहिए।
3- झाँकी का दर्शकों पर प्रभाव एवं प्रस्तुति की भव्यता के आधार पर मूल्यांकन होगा।

**(7) स्किल प्रतियोगिता (पेट्रोल पायनियरिंग, कैम्प क्राफ्ट, प्राथमिक चिकित्सा, अनुमान लगाना, सिंग्नलिंग (सीमाफोर या मोर्स या ममोमा विधि से) झण्डियों/डिस्क द्वारा)** :– प्रत्येक प्रतियोगिता में एक दल/कम्पनी से **08 स्काउट्स/08 गाइड्स** को प्रतिभाग करना होगा। स्किल प्रतियोगिताओं के प्रत्येक विषय के लिए **60 मिनट** का समय निर्धारित है। प्रतियोगिता के समय प्रत्येक टोली को प्रतियोगिता के अनुसार अलग–अलग सामान की व्यवस्था करते हुए प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना होगा। प्रतियोगिता से सम्बन्धित विषय वस्तु प्रतियोगिता स्थल पर रैली संचालक द्वारा दी जायेगी।

**मूल्यांकन** –

1- स्किल प्रतियोगिता का मूल्यांकन तकनीकी दक्षता के आधार पर किया जायेगा।
2. टोली के सदस्यों के बीच सहयोग, योजना और तालमेल के आधार पर मूल्यांकन किया जायेगा।
3- कार्यो को निर्धारित समय के भीतर कितनी कुशलता से पूरा किया गया है।

**(8) कैम्पिंग (कैम्प क्राफ्ट, गैजेट्स आदि) 01 टोली द्वारा** :– कैम्पिंग प्रतियोगिता के अर्न्तगत प्रत्येक टीम को निर्धारित स्थल पर टेण्ट का निर्माण करना होगा। कैम्पिंग में टेण्ट पीचिंग के साथ–साथ उपयोगी गैजेट्स का निर्माण, उपकरण, सूखे एवं गीले कचरे हेतु गड्ढ़ा, साथ ही टेण्ट की साफ–सफाई, सजावट इत्यादि भी सम्मिलित है। प्रतियोगिता में एक टीम से **08 प्रतिभागी** प्रतिभाग करेंगें।

**मूल्यांकन** –

1- टेण्ट निर्माण का मूल्यांकन तैयार किए जाने में लगने वाले समय के आधार पर किया जायेगा।
2- टेण्ट के आकार और उसके तनाव (कसावट) और उसके सही ढ़ंग से खड़े किए जाने के आधार पर मूल्यांकन होगा।
3- टेण्ट की स्थिरता अर्थात हवा, पानी जैसी प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करने के लिए मजबूती से टिके रहने के आधार पर मूल्यांकन किया जायेगा।
4- टीम वर्क के आधार पर मूल्यांकन किया जायेगा।

**(9) पायनियरिंग प्रोजेक्ट (पुल, झोपड़ी, गेट, टावर आदि) 01 टोली द्वारा** :– पायनियरिंग प्रोजेक्ट के अन्तर्गत प्रत्येक टीम पुल, झोपड़ी/टावर का निर्माण करेगी। जिसमें प्रत्येक टीम से **08 प्रतिभागी** प्रतिभाग करेंगे। मूल्यांकन प्रोजेक्ट की उपयोगिता, गाँठों और रस्सियों की शुद्धता, कौशल, निर्माण एवं प्रोजेक्ट के आकार पर किया जायेगा।

**मूल्यांकन** –

1. पायनियरिंग प्रोजेक्ट का मूल्यांकन गांठो की मजबूती, बन्धन की सटीकता और बन्धन के उपयोग पर होगा।
2. पायनियरिंग प्रोजेक्ट में प्रयुक्त लकड़ी और रस्सी का चुनाव प्रोजेक्ट के भार के अनुरुप होना चाहिए।
3. मूल्यांकन प्रोजेक्ट के संतुलन, भार वहन क्षमता के आधार पर होगा।
4. मूल्यांकन प्रोजेक्ट की निर्धारित समयावधि में पूर्ण किए जाने के आधार पर होगा।
5. मूल्यांकन टीम वर्क के आधार पर किया जायेगा। प्रोजेक्ट निर्माण में पूरी टोली के द्वारा निर्माण कार्य में सहयोग किया जाना चाहिए।

**नोट – 1. प्रतियोगिता का निर्धारित समय 02 घण्टे का होगा।**

**2. टावर की ऊँचाई 15 फिट से अधिक नहीं होनी चाहिए।**

**3. यदि टावर की ऊँचाई 15 फिट से अधिक होती है, तो अंको में कटौती की जायेगी।**

**(10) रंगोली– 01 टोली द्वारा :–** रंगोली प्रतियोगिता में केवल गाइड्स प्रतिभाग करेंगी। निर्धारित स्थल पर ही प्रतिभागी रंगोली का निर्माण करेंगे। प्रतियोगिता में 08 पतिभागी स्काउट/गाइड्स प्रतिभाग करेंगी। रंगोली किसी भी सामग्री से बनाई जा सकती है और प्रतिभागी स्काउट्स/गाइड्स इसमें अपनी प्रतिभाग का प्रदर्शन कर सकते हैं। विषय, कौशल, प्रयुक्त सामग्री, आकार, डिजाइन के आधार पर मूल्यांकन किया जायेगा। प्रतियोगिता का समय 02 घण्टे का होगा। प्रतियोगिता के लिए प्रत्येक टीम को एक विषय एवं एक समान आकार का स्थान रैली संचालक द्वारा दिया जायेगा।

**मूल्यांकन –**

1. मूल्यांकन डिजाइन की रचनात्मकता (अनोखापन) और कल्पनाशीलता के आधार पर किया जायेगा।
2. मूल्यांकन निर्धारित विषय या थीम की प्रस्तुति के आधार पर किया जायेगा।

3- मूल्यांकन रंगो के चयन और मिश्रण के आकर्षण और सामंजस्य के आधार पर होगा।

4- मूल्यांकन डिजाइन की बारीकी और स्पष्टता के आधार पर होगा।

5. मूल्यांकन रंगोली के आसपास के क्षेत्र की सफाई और रंगों के बाहर न बिखरने के आधार पर होगा।

**(11) एथेनिक फैशन–शो – प्रत्येक टीम से एक–एक प्रतिभागी :–** प्रतियोगिता में एक टीम से एक प्रतिभागी प्रतिभाग करेगा। अपने अपने क्षेत्र की सांस्कृतिक परम्पराओं को रैंप पर प्रतिभागियों को प्रदर्शित करना होगा। प्रस्तुति, पारम्परिक वेशभूषा, मौलिकता के आधार पर प्रतियोगिता का मूल्यांकन किया जायेगा।

**मूल्यांकन –**

1. परिधानों में भारतीय शिल्प कौशल, कला और संस्कृति की झलक के आधार पर मूल्यांकन होगा।
2. पारंपरिक पहनावे को आभूषणों और मेकअप के साथ स्टाइल किए जाने के आधार पर मूल्यांकन होगा।
3. प्रतिभागी की प्रस्तुति और आत्मविश्वास के आधार पर मूल्यांकन होगा।

**(12) बैण्ड डिस्प्ले :–** प्रतियोगिता का आयोजन मण्डलीय रैली में होगा। जनपदवार आयोजित इस प्रतियोगिता में संयुक्त टीम भी मान्य होगी। यूनिट लीडर को प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी। प्रत्येक बैण्ड टीम की अपनी औपचारिक पोशाक हो सकती है। प्रतियोगिता की **अधिकतम अवधि 10 मिनट** की होगी। **प्रत्येक प्रदर्शन की अधिकतम अवधि 03 मिनट की होगी।**

**मूल्यांकन –**

1. प्रस्तुति, एकरुपता, कौशल, नेतृत्व के आधार पर मूल्यांकन होगा।
2. पूरे बैण्ड के एक साथ और सही तालमेल के आधार पर मूल्यांकन होगा।
3. ध्वनि और उपकरणों के तालमेल के आधार पर मूल्यांकन होगा।

**बैण्ड प्रदर्षन हेतु निर्धारित संख्या -**

| प्रतिभागी | स्काउट्स | | गाइड्स | |
|---|---|---|---|---|
| | न्यूनतम | अधिकतम | न्यूनतम | अधिकतम |
| प्ले कार्ड होल्डर | 01 | 01 | 01 | 01 |
| लीडर | 01 | 01 | 01 | 01 |
| स्काउट्स / गाइड्स | 15 | 30 | 15 | 30 |
| **कुल** | **17** | **32** | **17** | **32** |

नोट :–

1. रैली में प्रतियोगिता परिणाम स्तरवार ए, बी, सी ग्रेड के आधार पर सुनिश्चित किये जायेंगे–
   - 60 प्रतिशत अंक एवं इससे ऊपर अंक पाने पर – "ए" श्रेणी।
   - 45 प्रतिशत अंक एवं इससे ऊपर अंक पाने पर – "बी" श्रेणी।
   - 44 प्रतिशत अंक से 33 प्रतिशत अंक पाने पर – "सी" श्रेणी।
2. मण्डलीय रैली हेतु टीमों का चयन ग्रेड के आधार पर होगा।
3. जनपदीय रैली के संचालन का समस्त उत्तरदायित्व जिला संगठन आयुक्त (स्काउट / गाइड) का होगा।
4. मण्डलीय रैली के संचालन का समस्त उत्तरदायित्व सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट / गाइड) का होगा।
5. समय एवं परिस्थिति के अनुसार किसी भी प्रकार के परिवर्तन का अधिकार सम्बन्धित रैली संचालक के पास निहित होगा।

## -: आदर्श बजट स्काउट/गाइड रैली :-

**आदर्श बजट जनपद (स्काउट/गाइड) रैली :-**

| क्र.सं. | मद | धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | टेंट एवं फील्ड पर होने वाले कार्य में व्यय | Rs. 35,000.00 |
| 2 | साउंड एवं लाइड | Rs. 15,000.00 |
| 3 | भोजन व्यवस्था निर्णायक एवं अतिथियों हेतु | Rs. 15,000.00 |
| 4 | यात्रा व्यय (निर्णायक एवं अन्य) | Rs. 15,000.00 |
| 5 | पुरस्कार प्रत्येक संवर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय शील्ड एवं अतिथि व निर्णायको को मोमेंटो | Rs. 35,000.00 |
| 6 | प्रमाण पत्र एवं कार्यक्रम फोल्डर पेंटिंग | Rs. 7,500.00 |
| 7 | अन्य प्रासंगिक व्यय | Rs. 7,500.00 |
| **कुल योग** | | **Rs. 1,30,000.00** |

### आदर्श बजट मण्डल (स्काउट/गाइड) रैली :-

| क्र.सं. | मद | धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | टेंट एवं फील्ड पर होने वाले कार्य में व्यय | Rs. 45,000.00 |
| 2 | साउंड एवं लाइड | Rs. 30,000.00 |
| 3 | भोजन व्यवस्था निर्णायक एवं अतिथियों हेतु | Rs. 45,000.00 |
| 4 | यात्रा व्यय (निर्णायक एवं अनन्य) | Rs. 22,500.00 |
| 5 | पुरस्कार प्रत्येक संवर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय शील्ड एवं अतिथि व निर्णायको को मोमेंटो | Rs. 57,500.00 |
| 6 | प्रमाण पत्र एवं कार्यक्रम फोल्डर पेंटिंग | Rs. 15,000.00 |
| 7 | अन्य प्रासंगिक व्यय | Rs. 15,000.00 |
| | **कुल योग** | **Rs. 2,30,000.00** |

## -: स्टैंडर्ड जजिंग कैम्प - (विषय) :-

1. वर्दी / मार्चिंग / कलर पार्टी / सैल्यूटिंग / रिपोटिंग / टर्नआउट
2. प्राथमिक सहायता
3. कैम्प क्राफ्ट
4. हैंडीक्राफ्ट (स्किल–ओ–रामा)
5. अनुमान लगाना (ऊँचाई / चौड़ाई / वजन / संख्या)
6. क्विज / वाद–विवाद प्रतियोगिता
7. कैम्प फायर (लोकगीत / लोकनृत्य)

नोटः– 1– मण्डल स्तर पर स्टैंडर्ड जजिंग कैम्प 11 से 15 नवम्बर 2026 तक आयोजित किये जायेंगे।
2– मण्डल स्तर पर चयनित स्काउट / गाइड 8–8 की संख्या में प्रादेशिक स्टैंडर्ड जजिंग कैम्प में प्रतिभाग करेंगे।
3– प्रदेश स्तर पर प्रादेशिक स्टैंडर्ड जजिंग कैम्प का आयोजन 02 से 06 दिसम्बर 2026 में किया जायेगा।


OUR SOCIAL ACCOUNTS



# प्रस्तावित वार्षिक वयस्क प्रशिक्षण कार्ययोजना शैक्षिक सत्र 2026-2027

| क्रम सं० | शिविर का नाम | प्रस्तावित शिविर संख्या | निर्धारित प्रतिभागी लक्ष्य | प्रस्तावित प्रशिक्षण स्थल | योगदान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बिगिनर्स कोर्स | 140 | 140x80=11200 | पूरे वर्ष में | 150/-प्रति प्रतिभागी |
| 2 | बेसिक कोर्स स्काउट मास्टर | 77 | 77x32=2464 | प्रत्येक जनपद मे एक तथा एक - एक शिविर प्रशिक्षण केन्द्रो पर | 2100/-प्रति प्रतिभागी (जनपद) |
| 3 | बेसिक कोर्स गाइड कैप्टन | 77 | 77x32=2464 | प्रत्येक जनपद मे एक तथा एक - एक शिविर प्रशिक्षण केन्द्रो पर | 2100/-प्रति प्रतिभागी (जनपद) |
| 4 | बेसिक कोर्स कब मास्टर | 77 | 77x24=1848 | प्रत्येक जनपद मे एक तथा एक - एक शिविर प्रशिक्षण केन्द्रो पर | 2100/-प्रति प्रतिभागी (जनपद) |
| 5 | बेसिक कोर्स फ्लाक लीडर | 77 | 77x24=1848 | प्रत्येक जनपद मे एक तथा एक - एक शिविर प्रशिक्षण केन्द्रो पर | 2100/-प्रति प्रतिभागी (जनपद) |
| 6 | बेसिक कोर्स रोवर स्काउट लीडर | 22 | 22x24=528 | प्रत्येक विश्वविद्यालय में एक तथा एक - एक शिविर प्रशिक्षण केन्द्रो पर | 2100/-प्रति प्रतिभागी (जनपद) |
| 7 | बेसिक कोर्स रेंजर लीडर | 22 | 22x24=528 | प्रत्येक विश्वविद्यालय में एक तथा एक - एक शिविर प्रशिक्षण केन्द्रो पर | 2100/-प्रति प्रतिभागी (जनपद) |
| 8 | एडवांस कोर्स स्काउट मास्टर | 20 | 20x40=800 | प्रत्येक मण्डल में एक तथा एक - एक शिविर प्रशिक्षण केन्द्रो पर | 2100/-प्रति प्रतिभागी (जनपद) |
| 9 | एडवांस कोर्स गाइड कैप्टन | 20 | 20x40=800 | प्रत्येक मण्डल में एक तथा एक - एक शिविर प्रशिक्षण केन्द्रो पर | 2100/-प्रति प्रतिभागी (जनपद) |
| 10 | एडवांस कोर्स कब मास्टर | 20 | 20x32=640 | प्रत्येक मण्डल में एक तथा एक - एक शिविर प्रशिक्षण केन्द्रो पर | 2100/-प्रति प्रतिभागी (जनपद) |
| 11 | एडवांस कोर्स फ्लाक लीडर | 20 | 20x32=640 | प्रत्येक मण्डल में एक तथा एक - एक शिविर प्रशिक्षण केन्द्रो पर | 2100/-प्रति प्रतिभागी (जनपद) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 12 | एडवांस कोर्स रोवर स्काउट लीडर | 12 | 12x24=288 | दो विश्वविद्यालय में एक तथा एक - एक शिविर प्रशिक्षण केन्द्रो पर | 2100/-प्रति प्रतिभागी (जनपद) |
| 13 | एडवांस कोर्स रेंजर लीडर | 12 | 12x24=288 | दो विश्वविद्यालय में एक तथा एक - एक शिविर प्रशिक्षण केन्द्रो पर | 2100/-प्रति प्रतिभागी (जनपद) |
| 14 | हिमालय वुडबैज स्काउट मास्टर | 4 | 4x40=160 | प्रादेशिक स्तर पर | राष्ट्रीय मुख्यालय के निर्देशानुसार |
| 15 | हिमालय वुडबैज गाइड कैप्टन | 4 | 4x40=160 | प्रादेशिक स्तर पर | राष्ट्रीय मुख्यालय के निर्देशानुसार |
| 16 | हिमालय वुडबैज कब मास्टर | 2 | 2x24=48 | प्रादेशिक स्तर पर | राष्ट्रीय मुख्यालय के निर्देशानुसार |
| 17 | हिमालय उडबैज फ्लाक लीडर | 2 | 2x24=48 | प्रादेशिक स्तर पर | राष्ट्रीय मुख्यालय के निर्देशानुसार |
| 18 | हिमालय वुडबैज रोवर स्काउट लीडर | 2 | 2x24=48 | प्रादेशिक स्तर पर | राष्ट्रीय मुख्यालय के निर्देशानुसार |
| 19 | हिमालय वुडबैज रेंजर लीडर | 2 | 2x24=48 | प्रादेशिक स्तर पर | राष्ट्रीय मुख्यालय के निर्देशानुसार |
| 20 | सचिव कोर्स | 1 | 1x40=40 | प्रादेशिक स्तर पर | 1500/-प्रति प्रतिभागी |
| 21 | बेसिक कोर्स फॉर कमिश्नर्स | 1 | 1x40=40 | प्रादेशिक स्तर पर | 1500/-प्रति प्रतिभागी |
| 22 | ट्रेनिंग कौंसलर कोर्स | 1 | 1x40=40 | प्रादेशिक स्तर पर | 1500/-प्रति प्रतिभागी |
| 23 | योग प्रशिक्षक प्रशिक्षण कोर्स (05 दिवसीय ) | 1 | 1x40=40 | प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र पर | 1500/-प्रति प्रतिभागी * |
| 24 | कम्प्यूटर ऑन कोर्स (AI माड्यूल के साथ) (05 दिवसीय) | 1 | 1x40=40 | प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र पर | 1500/-प्रति प्रतिभागी |
| 25 | मैपिंग एवं स्टार गैजिंग कोर्स(05 दिवसी | 1 | 1x40=40 | प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र पर | 1500/-प्रति प्रतिभागी * |
| 26 | कैम्पिंग एवं हाइकिंग कोर्स(05 दिवसीय) | 1 | 1x40=40 | प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र पर | 1500/-प्रति प्रतिभागी * |
| 27 | प्राथमिक सहायता कोर्स (05 दिवसीय) | 1 | 1x40=40 | प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र पर | 1500/-प्रति प्रतिभागी * |
| 28 | पायनियरिंग एवं एस्टीमेशन कोर्स (05 दिवसीय) | 1 | 1x40=40 | प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र पर | 1500/-प्रति प्रतिभागी * |
| 29 | कैम्प फायर लीडर्स कोर्स (05 दिवसीय) | 1 | 01x40=36 | प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र पर | 1500/-प्रति प्रतिभागी * |
| 30 | जिला प्रशिक्षण आयुक्त | 1 | 1x150=150 | प्रादेशिक स्तर पर | 1000/-प्रति प्रतिभागी |
| 31 | ट्रेनर्स मीट 02 दिवसीय संधान | 1 | 1x200=200 | समस्त ट्रेनर्स प्रादेशिक स्तर पर | 1000/-प्रति प्रतिभागी |
| 32 | प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य/प्रचार्य जिला स्तरीय पदाधिकारी कार्यशाला (एक दिवसीय)<br>1. बेसिक शिक्षा<br>2. माध्यमिक शिक्षा<br>3. उच्च शिक्षा | 75 | 75x40=3000 | जिला मुख्यालय स्तर पर | निःशुल्क |

*** नोट- शीतलाखेत प्रशिक्षण केन्द्र अल्मोड़ा में आयोजित होने वाले शिविरो का योगदान राशि 500/- अधिक देय होगा है।**

## प्रस्तावित वार्षिक वयस्क प्रशिक्षण कार्ययोजना शैक्षिक सत्र 2026-2027

## प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र शीतलाखेत

| क्रम सं० | दिनांक | कार्यक्रम का नाम | अनुमानित प्रतिभागी सं० संख्या | कौन प्रतिभाग करेगा | योगदान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 20 अप्रैल से 26 अप्रैल 2026 | बेसिक/कब मा०/फ्लाक ली०/ स्काउट मा०/ गाइड कै०/रोवर ली०/रेंजर ली० कोर्स | 160 | बेसिक - नये पंजीकृत दलो के प्रभारी - स्कीम आफ ट्रेनिंग के अनुसार योग्यताधारी | 2600/- |
| 2 | 28 मई से 03 जून 2026 | एडवांस/कब मा०/फ्लाक ली०/ स्काउट मा०/ गाइड कै०/रोवर ली०/रेंजर ली० कोर्स | 160 | एडवांस -06 माह पूर्व बेसिक कोर्स उत्तीर्ण, कोर्स की तिथि से 03 माह पूर्व वारेंट प्राप्त यूनिट लीडर | 2600/- |
| 3 | 08 जुलाई से 14 जुलाई 2026 | एच०डब्लू०बी०(कब/बुलबुल, स्काउट/ गाइड,रोवर /रेंजर) | 176 | एडवांस कोर्स उत्तीर्ण यूनिट लीडर जिसका दल अद्यतन नवीनीकृत हो तथा चार तृतीय सोपान तैयार हो। | राष्ट्रीय मुख्यालय के निर्देशानुसार |
| 4 | 06 सितम्बर से 10 सितम्बर 2026 | योग प्रशिक्षक प्रशिक्षण कोर्स (05 दिवसीय ) | 40 | बेसिक कोर्स उत्तीर्ण यूनिट लीडर | 2000/- |
| 5 | 06 सितम्बर से 10 सितम्बर 2026 | मैपिंग एवं स्टार गैजिंग कोर्स(05 दिवसीय) | 40 | बेसिक कोर्स उत्तीर्ण यूनिट लीडर | 2000/- |
| 6 | 06 सितम्बर से 10 सितम्बर 2026 | कैम्पिंग एवं हाइकिंग कोर्स(05 दिवसीय) | 40 | बेसिक कोर्स उत्तीर्ण यूनिट लीडर | 2000/- |
| 7 | 11 सितम्बर से 15 सितम्बर 2026 | प्राथमिक सहायता कोर्स (05 दिवसीय) | 40 | बेसिक कोर्स उत्तीर्ण यूनिट लीडर | 2000/- |
| 8 | 11 सितम्बर से 15 सितम्बर 2026 | पायनियरिंग एवं एस्टीमेशन कोर्स (05 दिवसीय) | 40 | बेसिक कोर्स उत्तीर्ण यूनिट लीडर | 2000/- |
| 9 | 11 सितम्बर से 15 सितम्बर 2026 | कैम्प फायर लीडर्स कोर्स (05 दिवसीय) | 40 | बेसिक कोर्स उत्तीर्ण यूनिट लीडर | 2000/- |

# प्रस्तावित वार्षिक वयस्क प्रशिक्षण कार्ययोजना शैक्षिक सत्र 2026-2027

## प्रादेशिक प्रशिक्षण केन्द्र प्रयागराज

| क्रम सं0 | दिनांक | कार्यक्रम का नाम | अनुमानित प्रतिभागी सं0 संख्या | कौन प्रतिभाग करेगा | योगदान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 04 अक्तूबर से 10 अक्तूबर 2026 | बेसिक/कब मा०/फ्लाक ली०/ स्काउट मा०/ गाइड कै०/रोवर ली०/रेंजर ली० कोर्स | 160 | बेसिक - नये पंजीकृत दलो के प्रभारी - स्कीम आफ ट्रेनिंग के अनुसार योग्यताधारी | 2100/- |
| 2 | 13 नवम्बर से 19 नवम्बर 2026 | एडवांस/कब मा०/फ्लाक ली०/ स्काउट मा०/ गाइड कै०/रोवर ली०/रेंजर ली० कोर्स | 160 | एडवांस -06 माह पूर्व बेसिक कोर्स उत्तीर्ण, कोर्स की तिथि से 03 माह पूर्व वारेंट प्राप्त यूनिट लीडर | 2100/- |
| 3 | 22 नवम्बर से 28 नवम्बर 2026 | एच०डब्लू०बी०(कब/बुलबुल, स्काउट/ गाइड,रोवर /रेंजर) | 176 | एडवांस कोर्स उत्तीर्ण यूनिट लीडर जिसका दल अद्यतन नवीनीकृत हो तथा चार तृतीय सोपान तैयार हो। | राष्ट्रीय मुख्यालय के निर्देशानुसार |
| 4 | 02 दिसंबर से 06 दिसंबर 2026 | ट्रेनिंग काउंसलर कोर्स | 40 | एच०डब्लू०बी० योग्यताधारी युनिट ली० | 1500/- |
| 5 | 08 दिसंबर से 12 दिसंबर 2026 | सचिव कोर्स | 40 | जनपद में नियुक्त सचिव | 1500/- |
| 6 | 08 दिसंबर से 12 दिसंबर 2026 | बेसिक कोर्स फॉर कमिश्नर्स | 40 | अधिकार पत्र प्राप्त कमिश्नर्स | 1500/- |
| 7 | 16 दिसम्बर से 20 दिसम्बर 2026 | आर०ओ०टी० दोनो विंग | 40+40 | – | राष्ट्रीय मुख्यालय के निर्देशानुसार |
| 8 | 21 दिसम्बर से 22 | जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) मीट | | अधिकार पत्र प्राप्त जिला प्रशिक्षण | 1000/- |






# विभिन्न कार्यक्रमों/प्रशिक्षणों हेतु भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0 संस्था को दिए जाने वाले योगदान के मानक

| क्रम सं0 | कार्यक्रम/प्रशिक्षण | प्रदेश संस्था | जिला संस्था | योगदान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम चरण | —— | रू0 50.00 | रू0 50.00 |
| 2 | कोमल पंख | —— | रू0 50.00 | रू0 50.00 |
| 3 | द्वितीय चरण | —— | रू0 50.00 | रू0 50.00 |
| 4 | रजतपंख | —— | रू0 50.00 | रू0 50.00 |
| 5 | तृतीय चरण | —— | रू0 50.00 | रू0 50.00 |
| 6 | स्वर्ण पंख | —— | रू0 50.00 | रू0 50.00 |
| 7 | चतुर्थ चरण | रू0 120.00 | रू0 80.00 | रू0 200.00 |
| 8 | हीरक पंख | रू0 120.00 | रू0 80.00 | रू0 200.00 |
| 9 | प्रथम सोपान | —— | रू0 50.00 | रू0 50.00 |
| 10 | द्वितीय सोपान | —— | रू0 60.00 | रू0 60.00 |
| 11 | तृतीय सोपान | रू0 120.00 | रू0 80.00 | रू0 200.00 |
| 12 | प्रवेश (रोवर/रेंजर) | —— | रू0 100.00 | रू0 100.00 |
| 13 | निपुण (रोवर/रेंजर) | रू0 200.00 | रू0 100.00 | रू0 300.00 |
| 14 | बी0एड0/डी0एल0एड0 प्रशिक्षण शिविर | रू0 400.00 | रू0 150.00 | रू0 550.00 |
| 15 | विगनर्स कोर्स | रू0 100.00 | रू0 50.00 | रू0 150.00 |
| 16 | पी0एम0शील्ड पंजीकरण | रू0 100.00 | —— | रू0 100.00 |
| 17 | राष्ट्रपति स्काउट/गाइड/रोवर /रेंजर पंजीकरण शुल्क | रू0 200.00 | —— | रू0 200.00 |
| 18 | राज्य पुरस्कार(स्काउट/गाइड) पंजीकरण | रू0 60.00 | रू0 40.00 | रू0 100.00 |
| 19 | राज्य पुरस्कार (रोवर/रेंजर) पंजीकरण | रू0 100.00 | रू0 50.00 | रू0 150.00 |
| 20 | अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम हेतु पंजीकरण शुल्क | रू0 1000.00 | —— | रू0 1000.00 |
| 21 | उपराष्ट्रपति अवार्ड पंजीकरण शुल्क | रू0 150.00 | —— | रू0 150.00 |
| 22 | बेसिक कोर्स में योगदान | रू0 2000.00 | रू0 100.00 | रू0 2100.00 |
| 23 | एडवांस कोर्स में योगदान | रू0 2100.00 | ——— | रू0 2100.00 |
| 24 | हिमालय उडबैज कोर्स में योगदान | रू0 2100.00 | ——— | रू0 2100.00 |
| 25 | विशेष कोर्स ब्यायज/गर्ल प्रोग्राम में योगदान | रू0 1500.00 | —— | रू0 1500.00 |
| 26 | विशेषज्ञता कोर्स स्काउटर्स/गाइडर्स में योगदान | रू0 1500.00 | —— | रू0 1500.00 |
| 27 | राज्य पुरस्कार जाँच शिविर में योगदान | रू0 1000.00 | —— | रू0 1000.00 |

**नोट– 1. किसी भी मद में इसके अलावा कोई धनराशि जिला, प्रदेश व आयोजकों द्वारा नहीं ली जायेगी।**

**2. प्रादेशिक प्रशिक्षण केनद्र शीतलाखेत, अलमोड़ा पर आयोजित होने वाले शिविरों में रू0 500/– अतिरिक्त योगदान लिया जायेगा।**

**3. *बी0एड0/डी0एल0एड0 शिविरों में रू0 50/– स्काउट/गाइड वेलफेयर फण्ड सम्मिलित है।**

## (1) कब/बुलबुल (24 सदस्यीय)

(क) पंजीकरण शुल्क (प्रथम बार)

| क्रम सं0 | पंजीकरण शुल्क (प्रथम बार) | कुल योग (रूपयों में) | प्रदेश अंश (रूपयों में) | जिला अंश (रूपयों में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | यूनिट पंजीकरण शुल्क | 35.00 | 15.00 | 20.00 |
| 2 | कब/बुलबुल पंजीकरण शुल्क (कोटामनी रू0 10/– प्रति सदस्य की दर से) | 240.00 | (24X9)=216.00 | (24X1)=24.00 |
| 3 | यूनिट लीडर पंजीकरण शुल्क | 105.00 | 100.00 | 05.00 |
| | योग | **380.00** | **331.00** | **49.00** |

(ख) नवीनीकरण शुल्क (प्रत्येक वर्ष)

| क्रम सं0 | नवीनीकरण शुल्क (प्रत्येक वर्ष) | कुल योग (रूपयों में) | प्रदेश अंश (रूपयों में) | जिला अंश (रूपयों में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | यूनिट नवीनीकरण शुल्क | 20.00 | **NIL** | 20.00 |
| 2 | कब/बुलबुल नवीनीकरण शुल्क (कोटामनी रू0 10/– प्रति सदस्य की दर से) | 240.00 | (24X9)=216.00 | (24X1)=24.00 |
| 3 | यूनिट लीडर नवीनीकरण शुल्क | 105.00 | 100.00 | 05.00 |
| | योग | **365.00** | **316.00** | **49.00** |

## (2) स्काउट/गाइड (32 सदस्यीय)

(क) पंजीकरण शुल्क (प्रथम बार)

| क्रम सं0 | (क) पंजीकरण शुल्क (प्रथम बार) | कुल योग (रूपयों में) | प्रदेश अंश (रूपयों में) | जिला अंश (रूपयों में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | यूनिट पंजीकरण शुल्क | 50.00 | 25.00 | 25.00 |
| 2 | स्काउट/गाइड पंजीकरण शुल्क (कोटामनी रू0 20/– प्रति सदस्य की दर से) | 640.00 | 576.00 रू018/– प्रति की दर से | 64.00 रू02/– प्रति की दर से |
| 3 | यूनिट लीडर पंजीकरण शुल्क | 130.00 | 100.00 | 30.00 |
| | योग | **820.00** | **701.00** | **119.00** |

(ख) नवीनीकरण शुल्क (प्रत्येक वर्ष)

| क्रम सं0 | (ख) नवीनीकरण शुल्क (प्रत्येक वर्ष) | कुल योग (रूपयों में) | प्रदेश अंश (रूपयों में) | जिला अंश (रूपयों में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | यूनिट नवीनीकरण शुल्क | **NIL** | **NIL** | **NIL** |
| 2 | स्काउट/गाइड नवीनीकरण शुल्क (कोटामनी रू0 20/– प्रति सदस्य की दर से) | 640.00 | 576.00 रू018/– प्रति की दर से | 64.00 |
| 3 | यूनिट लीडर नवीनीकरण शुल्क | 130.00 | 100.00 | 30.00 |
| | योग | **770.00** | **676.00** | **94.00** |

## (3) रोवर/रेंजर (24 सदस्यीय)

(क) पंजीकरण शुल्क (प्रथम बार)

| क्रम सं0 | (क) पंजीकरण शुल्क (प्रथम बार) | कुल योग (रूपयों में) | प्रदेश अंश (रूपयों में) | जिला अंश (रूपयों में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | यूनिट पंजीकरण शुल्क | 50.00 | 25.00 | 25.00 |
| 2 | रोवर/रेंजर पंजीकरण शुल्क (कोटामनी रू0 25/– प्रति सदस्य की दर से) | 600.00 | 504.00 रू021/– प्रति की दर से | 96.00 रू04/– प्रति की दर से |
| 3 | यूनिट लीडर पंजीकरण शुल्क | 130.00 | 100.00 | 30.00 |
| | योग | **780.00** | **629.00** | **151.00** |

(ख) नवीनीकरण शुल्क (प्रत्येक वर्ष)

| क्रम सं0 | (ख) नवीनीकरण शुल्क (प्रत्येक वर्ष) | कुल योग (रूपयों में) | प्रदेश अंश (रूपयों में) | जिला अंश (रूपयों में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | यूनिट नवीनीकरण शुल्क | **NIL** | **NIL** | **NIL** |
| 2 | रोवर/रेंजर नवीनीकरण शुल्क (कोटामनी रू0 25– प्रति सदस्य की दर से) | 600.00 | 504.00 रू021/– प्रति की दर से | 96.00 रू04/– प्रति की दर से |
| 3 | यूनिट लीडर नवीनीकरण शुल्क | 130.00 | 100.00 | 30.00 |
| | योग | **730.00** | **604.00** | **126.00** |

**नोट– स्काउट/गाइड के यदि 16 सदस्यीय दल बनाएं जायेंगे तो केवल कोटामनी का शुल्क कम होगा।**

# भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

प्रादेशिक मुख्यालय, भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के सभी महत्वपूर्ण आवेदन-पत्र एवं प्रपत्र अब नीचे दिए गए **QR कोड** के माध्यम से आसानी से प्राप्त किए जा सकते हैं। कृपया स्कैन कर आवश्यक दस्तावेज़ डाउनलोड करें। और यह सभी प्रपत्र संस्था की वेबसाइट www.bsgup.org पर उपलब्ध है|

| | | | |
|---|---|---|---|
| यूनिट पंजीकरण फ़ार्म | अवार्ड फ़ार्म | वारंट फ़ार्म | टी ए बिल फ़ार्म |
| राज्य पुरुस्कार (स्काउट) फ़ार्म | राज्य पुरुस्कार (गाइड) फ़ार्म | राज्य पुरुस्कार (रोवर) फ़ार्म | राज्य पुरुस्कार (रेंजर) फ़ार्म |
| आजीवन सदस्य फ़ार्म | H.W.B (स्काउट/गाइड )फ़ार्म | A . L .T (स्काउट/गाइड )फ़ार्म | L .T (स्काउट/गाइड )फ़ार्म |
| सोशल अकाउंट फ़ार्म | ऑनलाइन आवेदन फार्म | S.T.A .C शीतलाखेत वेबसाइट | WHATSAPP CHANNEL |

## प्रादेशिक परिषद की बैठक– 14 फरवरी 2026

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय के तत्वाधान में दिनांक 14 फरवरी 2026 को बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, साउथ सिटी, लखनऊ में भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश की प्रादेशिक परिषद बैठक एवं 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों का सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रादेशिक अध्यक्ष डॉ० महेन्द्र सिंह जी द्वारा की गई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ० महेन्द्र सिंह जी ने 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी के सफल आयोजन हेतु माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में आयोजित यह जम्बूरी ऐतिहासिक रही। उन्होंने पदाधिकारियों एवं सहयोगियों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की तथा छत्तीसगढ़ में आयोजित रोवर-रेंजर जम्बूरी एवं गणतंत्र दिवस फ्लैग मार्च में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर संस्था के सभी सदस्यों को बधाई दी। साथ ही वर्ष 2026 में स्काउट-गाइड प्रशिक्षण गतिविधियों को और सशक्त बनाने हेतु सामूहिक रूप से कार्य करने का आह्वान किया। प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार द्वारा 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी पर आधारित एक लघु फिल्म का प्रस्तुतीकरण किया गया। उन्होंने जम्बूरी के सफल आयोजन में विभिन्न विभागों तथा इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के सहयोग की सराहना करते हुए संस्था की उपलब्धियों एवं युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण में स्काउटिंग-गाइडिंग की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों, सहयोगी विद्यालयों, सर्वोत्तम जनपदों तथा बीएसजी ज्ञान प्रतियोगिता एवं कैडेट रैली के विजेताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही एल०टी०, ए०एल०टी० एवं एच०डब्ल्यू०बी० कोर्स पूर्ण करने वाले प्रशिक्षकों को पार्चमेंट एवं ऑनरेबल चार्ज प्रदान किए गए। कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए पदाधिकारी एवं गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। स्काउट-गाइड आंदोलन राष्ट्र निर्माण, चरित्र निर्माण और सेवा भावना को सशक्त बनाने हेतु निरंतर अग्रसर है।



## "सड़क सुरक्षा संवाद" कार्यशाला

लखनऊ: इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 24–25 मार्च 2026 अवधि में परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित "सड़क सुरक्षा संवाद" कार्यशाला का शुभारंभ माननीय परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार की उपस्थिति में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश को सड़क सुरक्षा अभियान का ब्रांड एंबेसडर बनाते हुए प्रत्येक जनपद से मास्टर ट्रेनर तैयार करने पर जोर दिया गया। कार्यशाला में युवाओं को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता बढ़ाने तथा दुर्घटनाओं में कमी लाने का संकल्प लिया गया। और पेंटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपदों को पुरस्कृत भी किया गया। इस कार्यशाला में उत्तर प्रदेश में विभिन्न जनपदों से लगभग 300 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया |



## State Adventure Program – STAC Sheetlakhet

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश के प्रादेशिक प्रशिक्षण/एडवेंचर केन्द्र, शीतलाखेत (अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड) में प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ० प्रभात कुमार के नेतृत्व में कुल 10 एडवेंचर कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रतिभागियों को ट्रेकिंग, रॉक क्लाइम्बिंग, कैम्पिंग, नेचर स्टडी एवं अन्य साहसिक गतिविधियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना का विकास हुआ।



## गणतंत्र दिवस झाँकी परेड एवं फ्लैग मार्च – 26 जनवरी 2026

भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश प्रादेशिक मुख्यालय के तत्वाधान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य परेड समारोह में भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश ने अपनी आकर्षक एवं प्रेरणादायक झांकी के माध्यम से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर झांकी का नेतृत्व डॉ. महेंद्र सिंह, अध्यक्ष एवं डॉ. प्रभात कुमार प्रादेशिक मुख्यायुक्त के कुशल निर्देशन में किया गया।इस वर्ष झांकी की थीम "विकसित युवा, विकसित भारत" पर आधारित रही, जो देश के उज्ज्वल भविष्य में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है। झांकी में स्काउट और गाइड के सदस्यों ने सेवा, संस्कार और समर्पण के मूल्यों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। उनके अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण प्रदर्शन ने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया।झांकी में विभिन्न सामाजिक गतिविधियों को भी प्रदर्शित किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, आपदा प्रबंधन, और समाज सेवा जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। यह भव्य प्रस्तुति मा० राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल एवं मा० मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के समक्ष प्रस्तुत की गई | इस अवसर पर लखनऊ जनपद के स्काउट और गाइड द्वारा फ्लेग मार्च का भी प्रदर्शन किया गया जिसने प्रथम स्थान प्राप्त किया | फ्लेग मार्च में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को मा० राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी ने शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया |








## प्रथम राष्ट्रीय रोवर रेंजर जम्बूरी , बालोद छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ में दिनाँक 9 से 13 जनवरी 2026 तक आयोजित प्रथम राष्ट्रीय रोवर-रेंजर जम्बूरी में प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार जी के निर्देशन और कुशल नेतृत्व में भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्कृष्टता का परिचय प्रदान कर ग्रेड अर्जित किया तथा रेंजर संवर्ग ने *नेशनल कमिश्नर गाइड* अवॉर्ड प्राप्त किया।

*प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश टीम की प्रमुख उपलब्धियाँ:*

1. स्टेट प्रदर्शनी "A"
2. कैंप फायर "A"
3. एथेनिक फैशन शो "A"
4. पायनियरिंग प्रोजेक्ट "A"GW
5. पायनियरिंग प्रोजेक्ट "B" SW
6. कैंप क्राफ्ट "A" GW
7. कैंप क्राफ्ट "B" SW
8. स्टेट गेट "A" GW
9. स्टेट गेट "B" SW
10. कलर पार्टी "B"
11. मार्च पास्ट "A" SW
12. मार्च पास्ट "B" GW
13. Folk डांस "B"
14. बैंड "B"
15. Backwoods Cooking "B"




यह शानदार प्रदर्शन उत्तर प्रदेश टीम के अनुशासन, मेहनत और कुशल नेतृत्व का प्रमाण है इस कार्यक्रम में प्रादेशिक संगठन आयुक्त (गाइड) सुश्री रविंद्र कौर सौखी, प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट) श्री नौशाद अली सिद्दीकी सहित विभिन्न महाविद्यालयो के रोवर/रेंजर ने प्रतिभाग किया |

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि

दिनांक 30 जनवरी 2026 को शहीद स्मारक स्थल, लखनऊ में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि एवं ज्ञात-अज्ञात शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बापू जी के प्रिय भजन राम धुन एवं कीर्तन संध्या के साथ माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। गोमती नदी के तट पर दीपदान के माध्यम से वीर शहीदों को नमन किया गया। वहीं, उत्तर प्रदेश भारत स्काउट और गाइड के स्काउट/गाइड, रोवर/रेंजर एवं लीडर्स द्वारा शहीद स्मारक परिसर में जगह-जगह दीप प्रज्वलन किया गया।




भारत स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश

## State Adventure Programe

# SHEETLAKHET UTTRAKHAND

STAC
STATE TRAINING & ADVENTURE CENTRE, BSG, U.P.



## PROGRAMMES & ACTIVITIES

### LOCAL SIGHTSEEING

- Panoramic Himalayan Views • Sunset Views
- Haidakhan Babaji • STC SHEETLAKHET CENTRE
- DEV VAN • Historical Dak Bangla
- Syahi Devi Temple

### ADVENTURE ACTIVITIES

• ZIP LINE • SKY CYCLING • VERMA BRIDGE • LOOP HANGING • CROSS HANGING • HORIZONTAL LADDER • HANGING BRIDE • LOG HANGING • TIRE HANGING • ROPE HANGING • TIRE BRIDGE • NET BRIDGE • VALLEY CROSSING • RAPLING • CLIMBING

• LOG BALANCING • PLANK WALK • TIRES CHIMNEY • ZIG ZAG TIRES WALK • MONKEY CRAWL • TIRE TUNNEL • COMMANDO BRIDGE • MONKEY BAR • COMMANDO WALL CLIMBING • HORIZONTAL LADDER WALK • ARCHERY • STILT BALANCING • RUSSIAN WALL • TIRE JUMPING • RIFFLE SHOOTING • NET CRAWLING • SLOT WALK • VERTICAL ROPE LADDER • TARZAN SWING

### LINK

https://bsgup.org/pages.php?pageid=ONLINE%20APPLICATIONS



10% DISCOUNT OFFER

## Bharat Scout and Guide, Uttar Pradesh

State Training/AdventureCentre, Sheetlakhet, Uttrakhand
Email: stcsheetlakhetbsgup@gmail.com
Office: 9838726066 Website : www.bsgup.org

Scan the QR code to register.












## OUR SOCIAL ACCOUNTS




This is the official Website of Bharat Scouts and Guides, Uttar Pradesh Association. All information related to Scouting / Guiding activities in the State is available here….

Please Visit & Share Our Website

**www.bsgup.org**



Like our FB Page
facebook.com/bsgup.org



Tweets @ BSGUP
twitter.com/bsgup



Follow our Instagram Page
instagram.com/bsgup official



Share & Subscribe our Youtube Channel
BSGUP Official

**BHARAT SCOUTS & GUIDES, UTTAR PRADESH**

State Headquarters : Gole Market, Mahanagar, Lucknow

Email : upscoutsguides@yahoo.com

For Magazine : itbsgup@gmail.com

To,